# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| The Tribune | 1.8.22 | 2 | 7-8 |



## HAU ENTRANCE EXAMINATION HELD

**Hisar:** The Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU) conducted the entrance examination for admission to various undergraduate and postgraduate courses on Sunday. Vice-Chancellor Prof BR Kamboj said a total of 4,150 candidates appeared for examination at seven centres. He informed that the result of the entrance examination would be uploaded on the web portal of the university and the candidates needed to keep a tab on the university's website admissions.hau.ac.in and hau.ac.in for the latest information regarding admission.

| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |
|---|

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 1.8.22 | 4 | 1-5 |

# हकृवि में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा संपन्न, 87 प्रतिशत विद्यार्थी पहुंचे परीक्षा देने

## कुलपति ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

हिसार, 31 जुलाई (राठी): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हुए थे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, कुलसचिव डॉ. एस.के. महता व ओ.एस.डी. डॉ. अतुल ढींगड़ा ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। इस प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के अतिरिक्त हिसार के 7 स्कूलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे, जिनमें 4150 परीक्षार्थी यानि 87 प्रतिशत परीक्षार्थी शामिल हुए।



*प्रवेश परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए व परीक्षा में बैठे परीक्षार्थी।*

## दाखिले के लिए 4775 विद्यार्थियों ने किया था ऑनलाइन आवेदन

परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि यह प्रवेश परीक्षा बी.एस.सी. एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स, बी.एफ.एस.सी. चार वर्षीय कोर्स, एम.एस.सी. एग्रीकल्चर, एमटैक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग व एम.एस.सी. गृह विज्ञान के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें 4775 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इस परीक्षा में उम्मीदवारों की करीब 87 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

इनमें से एम.एस.सी. एग्रीकल्चर में कुल 439 परीक्षार्थियों, एम.एस.सी. होम साइंस में 69 परीक्षार्थियों, एम.टैक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में 9 परीक्षार्थियों, बी.एस.सी. एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स के लिए 3385 परीक्षार्थियों और बी.एफ.एस.सी. एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स के लिए 248 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे उपरोक्त स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अवश्य चेक करते रहें।

## परीक्षा केन्द्रों में रही कड़ी निगरानी

प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई। प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी गई।

उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर आने की अनुमति नहीं थी। अगर किसी के पास ये उपकरण थे उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर रखवा लिया गया। वहीं प्रवेश परीक्षा के बाहर राजगढ़ रोड पर कई देर तक जाम की स्थिति बनी रही।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 1.8.22 | 3 | 5-6 |


# एचएयू : 4150 ने दी प्रवेश परीक्षा



एचएयू की प्रवेश परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र पर एंट्री से पहले चेकिंग करते।

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए थे। एचएयू के वीसी प्रो. बीआर काम्बोज, कुलसचिव डॉ. एसके महता व ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के अतिरिक्त हिसार शहर के 7 स्कूलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे जिनमें कुल 4150 परीक्षार्थी शामिल हुए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया था।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 1.8.22 | 5 | 6-8 |

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न कोर्सों में दाखिले हेतु प्रवेश परीक्षा संपन्न

## कुलपति ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



प्रवेश परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए व परीक्षा मे बैठे परीक्षार्थी।

हिसार, 31 जुलाई (विरेंद्र वर्मा) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हुए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, कुलसचिव डॉ. एस.के. महता व ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के अतिरिक्त हिसार शहर के 7 स्कूलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे जिनमें कुल 4150 परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई।

### दाखिले के लिए 4775 विद्यार्थियों ने किया था ऑनलाइन आवेदन

परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि यह प्रवेश परीक्षा बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स, बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, एमएससी एग्रीकल्चर, एमटैक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग व एमएससी गृह विज्ञान के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 4775 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इस परीक्षा में उम्मीदवारों की करीब 87 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। इनमें से एमएससी एग्रीकल्चर में कुल 439 परीक्षार्थियों, एमएससी होम साइंस में 69 परीक्षार्थियों, एमटैक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में 9 परीक्षार्थियों, बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स के लिए 3385 परीक्षार्थियों और बीएफएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स के लिए 248 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे उपरोक्त स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अवश्य चेक करते रहें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 1.8.22 | 4 | 5 |


## एचएयू में प्रवेश परीक्षा में 89 प्रतिशत रही उपस्थिति

**जागरण संवाददाता, हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में रविवार को विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय के अतिरिक्त शहर के सात स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें कुल 4150 परीक्षार्थी शामिल हुए। यह प्रवेश परीक्षा बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स, बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, एमएससी एग्रीकल्चर, एमटैक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग व एमएससी गृह विज्ञान के लिए आयोजित की गई थी जिसमें कुल 4775 विद्यार्थियों ने आनलाइन आवेदन किया था। करीब 87 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज, कुलसचिव डा. एसके महता व ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। परीक्षा नियंत्रक डा. पवन कुमार ने बताया कि उम्मीदवार जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अवश्य चेक करते रहें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दै. लो. हिसार | 1.08.2022 | -- | -- |

# चौ.च.सिं. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हुए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, कुलसचिव डॉ. एस.के. महता व ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के



अतिरिक्त हिसार शहर के 7 स्कूलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे जिनमें कुल 4150 परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई।

## दाखिले के लिए 4775 विद्यार्थियों ने किया था ऑनलाइन आवेदन

परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि यह प्रवेश परीक्षा बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स, बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, एमएससी एग्रीकल्चर, एमटैक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग व एमएससी गृह विज्ञान के लिए आयोजित की गई थी जिसमें कुल 4775 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था।

इस परीक्षा में उम्मीदवारों व करीब 87 प्रतिशत उपस्थिति द की गई। इनमें से एमएसर एग्रीकल्चर में कुल 43 परीक्षार्थियों, एमएससी हो साइंस में 69 परीक्षार्थियों, एमटै एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में परीक्षार्थियों, बीएससी एग्रीकल्च छः वर्षीय कोर्स के लिए 338 परीक्षार्थियों और बीएफएसर एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स ; लिए 248 परीक्षार्थियों ने परीक्ष दी। उन्होंने उम्मीदवारों व उन अभिभावकों से अपील की है f वे उपरोक्त स्नातक व स्नातकोत्त कार्यक्रमों में दाखिला संबं नवीनतम जानकारियों के लि विश्वविद्यालय की वेबसाइट र अवश्य चेक करते रहें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| आज समाज | 1.08.2022 | -- | -- |


# चौ.च.सिं. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

■ कुलपति ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

प्रवीन कुमार

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हुए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, कुलसचिव डॉ. एस.के. महता व ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के अतिरिक्त हिसार शहर के 7 स्कूलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे जिनमें कुल 4150 परीक्षार्थी शामिल हुए।

प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई।



प्रवेश परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए व परीक्षा में बैठे परीक्षार्थी। आज समाज

## दाखिले के लिए 4775 विद्यार्थियों ने किया था ऑनलाइन आवेदन

परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि यह प्रवेश परीक्षा बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स, बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, एमएससी एग्रीकल्चर, एमटैक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग व एमएससी गृह विज्ञान के लिए आयोजित की गई थी जिसमें कुल 4775 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इस परीक्षा में उम्मीदवारों की करीब 87 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। इनमें से एमएससी एग्रीकल्चर में कुल 439 परीक्षार्थियों, एमएससी होम साइंस में 69 परीक्षार्थियों, एमटैक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में 9 परीक्षार्थियों, बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स के लिए 3385 परीक्षार्थियों और बीएफएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स के लिए 248 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे उपरोक्त स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट admissions.hau.ac.in and hau.ac.in पर अवश्य चेक करते रहें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 31.07.2022 | -- | -- |

# हकृवि में दाखिले के लिए 4150 ने दी प्रवेश परीक्षा

## हकृवि में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

समस्त हरियाणा न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षा के विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हुए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, कुलसचिव डॉ. एस.के. महता व ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के अतिरिक्त हिसार शहर के 7 स्कूलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे जिनमें कुल 4150 परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई।



**दाखिले के लिए 4775 विद्यार्थियों ने किया था ऑनलाइन आवेदन**

परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि यह प्रवेश परीक्षा बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स, बीएससी चार वर्षीय कोर्स, एमएससी एग्रीकल्चर, एमटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग व एमएससी गृह विज्ञान के लिए आयोजित की गई थी जिसमें कुल 4775 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इस परीक्षा में उम्मीदवारों की करीब 87 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। इनमें से एमएससी एग्रीकल्चर में कुल 429 परीक्षार्थियों, एमएससी होम साइंस में 69 परीक्षार्थियों, एमटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में 9 परीक्षार्थियों, बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स के लिए 3395 परीक्षार्थियों और बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स के लिए 248 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे उपरोक्त प्रवेश व काउंसलिंग कार्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट admissions.hau.ac.in and hau.ac.in पर लगातार चेक करते रहें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 31.07.2022 | -- | -- |

# 4150 परीक्षार्थियों ने दी हकृवि में दाखिले के लिए परीक्षा

हिसार/ 31 जुलाई/ रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज, कुलसचिव डॉ. एसके महता व ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के अतिरिक्त शहर के 7 स्कूलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे जिनमें कुल 4150 परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई। परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि यह प्रवेश परीक्षा बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स, बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, एमएससी एग्रीकल्चर, एमटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग व एमएससी गृह विज्ञान के लिए आयोजित की गई थी जिसमें कुल 4775 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इस परीक्षा में उम्मीदवारों की करीब 87 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। इनमें से एमएससी एग्रीकल्चर में कुल 439 परीक्षार्थियों, एमएससी होम साइंस में 69 परीक्षार्थियों, एमटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में 9 परीक्षार्थियों, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स के लिए 3385 परीक्षार्थियों और बीएफएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स के लिए 248 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| The Tribune | 1-8.22 | — | — |

## CHANGE IN FARM VARSITY TIMINGS

**Hisar:** Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University will change its timetable from August 1. Now, the offices will remain open from 9 am to 5 pm from August 1 with lunch break from 1 pm to 20 pm. Registrar Dr SK Mahta informed that the same time table would be applicable at all Krishi Vigyan Kendras and Regional Research Centres and Agricultural College, Kaul (Kaithal) and Agricultural College, Bawal (Rewari) located across the state of the university.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 31-7-22 | 4 | 6 |

## एचएयू में कल से 9 से 5 बजे वाली समय सारिणी लागू होगी

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 1 अगस्त से नई समय सारिणी लागू होगी। इसके अंतर्गत 1 अगस्त से विश्वविद्यालय के कार्यालय में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक खुलेंगे। दोपहर 1 से 2 बजे तक भोजनावकाश रहेगा।

कुलसचिव डॉ. एसके महता ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रदेशभर में स्थित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों व क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों तथा कृषि कॉलेज, कौल (कैथल) व कृषि कॉलेज, बावल (रेवाड़ी) में भी 1 अगस्त से उपरोक्त समय लागू होगा। बता दें फिलहाल विश्वविद्यालय में 1 मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू थी। जिसके अनुसार कार्यालयों का समय सुबह 7 से दोपहर 2 बजे तक था।

**लुवास में 9 से 4:30 तक खुलेंगे कार्यालय** : हिसार। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलसचिव डॉ. गुलशन नारंग ने बताया कि एक अगस्त से शरदकालीन समय सारणी लागू होगी। विश्वविद्यालय का कार्य समय सुबह 9 से अपराह्न 4.30 बजे तक रहेगा। लुवास के अंतर्गत आने वाले करनाल व महेंद्रगढ़ में स्थित क्षेत्रीय आरवीडीइसी केंद्रों में भी यह समय सारणी लागू होगी। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 31.7.22 | 5 | 1 |

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कल से लागू होगी नई समय सारिणी

**हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एक अगस्त से नई समय सारिणी लागू होगी। इसके तहत कार्यालय प्रातः नौ से शाम पांच बजे तक खुलेंगी। दोपहर एक से दो बजे तक भोजनावकाश रहेगा। कुलसचिव डा. एसके महता ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रदेशभर में स्थित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों व क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों तथा कृषि कालेज, कौल (कैथल) व कृषि कालेज, बावल (रेवाड़ी) में भी उपरोक्त समय लागू होगा। (जास)

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 30.07.2022 | -- | -- |

# हकृवि व लुवास की समय सारिणी बदली सोमवार से सुबह 9 बजे लगेंगे कार्यालय

## एक अगस्त से लागू होगी नई समय सारिणी

चिराग टाइम्स न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 1 अगस्त से नई समय सारिणी लागू होगी। इसके अन्तर्गत 1 अगस्त से विश्वविद्यालय के कार्यालय सुबह 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक खुलेंगे। शनिवार को विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रदेशभर में स्थित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों व क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों तथा कृषि कालेज, कौल (कैथल) व कृषि कालेज, बावल (रिवाड़ी) में भी 1 अगस्त से उपरोक्त समय लागू होगा। बता दें कि फिलहाल विश्वविद्यालय में 1 मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू थी जिसके अनुसार कार्यालयों का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे बजे तक था, जो 1 अगस्त से बदलकर प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक हो जाएगा।

**लुवास में शरदकालीन समय सारणी लागू :** लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु-विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार के कुलसचिव कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार लुवास में पहली अगस्त से शरदकालीन समय सारणी लागू होगी। जिसके अंतर्गत 1 अगस्त 2022 से 30 अप्रैल, 2023 तक विश्वविद्यालय का कार्यसमय सुबह 9 बजे से सायं 4.30 बजे तक रहेगा।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. गुलशन नारंग ने बताया कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले करनाल व महेंद्रगढ़ में स्थित क्षेत्रीय आर.वी.डी.इ.सी. केन्द्रों, विभिन्न पशु-विज्ञान केन्द्रों व पशु रोग निदान प्रयोगशालाओं में भी यह समय-सारणी लागू होगी। उल्लेखनीय है कि फिलहाल विश्वविद्यालय में ग्रीष्मकालीन समय सारणी के अनुसार कार्यसमय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक है जो बदल कर पहली अगस्त से सुबह 9 बजे से सायं 4.30 बजे तक होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 30.07.2022 | -- | -- |

# एचएयू में 1 अगस्त से लागू होगी नई समय सारिणी




**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 1 अगस्त से नई समय सारिणी लागू होगी। इसके अन्तर्गत 1 अगस्त से विश्वविद्यालय के कार्यालय प्रात: 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक खुलेंगे। इस दौरान अपराह्न 1.00 बजे से 2.00 बजे तक भोजनावकाश रहेगा। कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रदेशभर में स्थित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों व क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों तथा कृषि कालेज, कौल (कैथल) व कृषि कालेज, बावल (रिवाड़ी) में भी 1 अगस्त से उपरोक्त समय लागू होगा। उल्लेखनीय है कि फिलहाल विश्वविद्यालय में 1 मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू थी जिसके अनुसार कार्यालयों का समय प्रात: 7 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक था, जो 1 अगस्त से बदलकर प्रात: 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे

## लुवास में भी 1 अगस्त से लागू होगी शरदकालीन समय सारणी

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु-विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार के कुलसचिव कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार लुवास में पहली अगस्त से शरदकालीन समय सारणी लागू होगी। जारी आदेश के अंतर्गत 1 अगस्त से 30 अप्रैल तक विश्वविद्यालय का कार्य समय सुबह 9 बजे से सायं 4.30 बजे तक रहेगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. गुलशन नारंग ने बताया कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले करनाल व महेंद्रगढ़ में स्थित क्षेत्रीय आर.वी.डी.इ.सी. केंद्रों, विभिन्न पशु-विज्ञान केंद्रों व पशु रोग निदान प्रयोगशालाओं में भी यह समय-सारणी लागू होगी। उल्लेखनीय है कि फिलहाल विश्वविद्यालय में ग्रीष्मकालीन समय सारणी के अनुसार कार्य समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक है जो बदलकर पहली अगस्त से सुबह 9 बजे से सायं 4.30 बजे तक होगा।